प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 15.11.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिरसा मुंडा की 150वीं जयन्ती पर सोनभद्र में 548 करोड़ रुपए की 432 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कहा– जनजातीय समाज के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है डबल इंजन सरकार।
2. केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो दिवसीय दौरे पर आज पहुंचे लखनऊ : वरिष्ठ कार्यकर्ता जन संवाद कार्यक्रम में कहा– उत्तर प्रदेश में भी दोहराया जाएगा बिहार विधानसभा चुनाव जैसा परिणाम।
3. लखनऊ विश्वविद्यालय में आज से दिव्य कला मेला का हुआ शुभारंभ : केंद्रीय राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा कल करेंगे औपचारिक उद्‌घाटन। और
4. सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती क उपलक्ष्य में प्रदेश के कई जिलों में आज रन फॉर यूनिटी का आयोजन : उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक अयोध्या में हुए शामिल।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लोकनायक बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती पर सोनभद्र में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में उन्होंने 548 करोड़ रूपये की 432 विकास

परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार जनजातीय समाज की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए उनके साथ कदम से कदम मिलाकर खड़ी है। बाइट....

*सम्मान दिलाने का काम यह डबल इंजन की भारतीय जनता पार्टी की एनडीए की सरकार ने किया है। आज प्रधानमंत्री मोदी जी के कारण हम लोगों को इस राष्टीय जनजातीय गौरव दिवस के साथ जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है।*

उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण–पत्र भी वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव गोंड ने मुख्यमंत्री को जनजातीय समाज की पहचान 'तीर–धनुष', वाद्य यंत्र और पारंपरिक टोपी भेंट की।

——————————

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज दो दिवसीय दौरे पर लखनऊ पहुंच। एयरपोर्ट पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने रक्षा मंत्री का स्वागत किया। श्री सिंह ने वरिष्ठ कार्यकर्ता जन संवाद कार्यक्रम में कहा कि बिहार विधान सभा चुनाव के परिणाम से भारतीय राजनीति में बहुत बड़ा बदलाव सामने आया है। उन्होंने जीत का श्रेय कार्यकर्ताओं को दिया। रक्षा मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भी बिहार विधानसभा चुनाव जैसा परिणाम दोहराया जाएगा। श्री सिंह कल शहीद वीरांगना ऊदा देवी के शहीदी दिवस पर

आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे और उनकी प्रतिमा का अनावरण करेंगे।

—————————

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय आज से लखनऊ विश्वविद्यालय में दिव्य कला मेला आयोजित कर रहा है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री बनवारी लाल वर्मा कल इस मेले का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। यह मेला 23 नवंबर तक चलेगा। मेले में लगभग 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 100 दिव्यांग कारीगर, कलाकार और उद्यमी अपने उत्पादों और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इसमें जम्मू–कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्यों सहित भारत के विभिन्न क्षेत्रों के उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की जाएगी। नौ दिनों तक चलने वाला यह मेला सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक आम लोगों के लिए खुला रहेगा।

—————————

प्रदेश भर में विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर अभियान जारी है। अमरोहा की जिला निर्वाचन अधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने लोगों से अपील की है कि सभी मतदाता निर्धारित समयावधि में अपने फार्म भरकर अपने बीएलओ को उपलब्ध करा दें। उन्होंने बीएलओ को भी निर्देशित करते हुए कहा है कि वितरण के उपरांत सभी फार्म ज़िम्मेदारी से एकत्र कर लिए जाएं। बाइट.....

*भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में अमरोहा में भी एसआईआर के अंतर्गत इन्यूमरेशन फॉर्म्स जो है जन–जन तक डिस्ट्रीब्यूट किए जा रहे हैं। 4 नवंबर से यह प्रक्रिया जारी है और यह फॉर्म सभी मतदाताओं को दिए जा रहे हैं और 4 दिसंबर तक यह प्रक्रिया जारी रहेगी और 4 दिसंबर तक जो फॉर्म्स है वह उनसे वापस ले लिए जाएंगे। फिर हम लोग अपनी जो वोटर लिस्ट उसको शुद्धिकरण का काम करेंगे।*

——————————

प्रदेश में आज दोपहर तक धान खरीद सत्र में पंजीकृत होने वाले किसानों की संख्या 3 लाख 93 हजार से अधिक हो गई है। खाद व रसद विभाग के मुताबिक आज दोपहर तक 53 हजार 330 किसानों से 3 लाख 12 हजार मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। किसानों कीसुविधा के लिए 4 हजार 143 धान क्रय केंद्र भी स्थापित किए गए हैं। धान खरीद के लिए खाद्यविभाग के पोर्टल www.fcs.up.gov.in या UP KISAN MITRA पर पंजीकरण अनिवार्य हैं।

——————————

भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान की तरफ से लखनऊ में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन अर्थ 2025 का आज समापन हो गया। संस्थान के निदेशक भास्कर नारायण ने बताया कि 4 दिनों के कॉन्क्लेव में संयुक्त राज्य अमेरिका, ग्रीस आर यूरोपीय देशों के विशेषज्ञों ने भाग लिया।

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

अभी मिली जानकारी  के अनुसार सोनभद्र के ओबरा तहसील क बिल्ली मारकुंडी पत्थर खनन क्षेत्र में आज शाम एक खदान में भूस्खलन की घटना हुई है। खदान में कुछ मजदूरों के दबे होने की आशंका है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया कि राहत और बचाव कार्य के लिये एन डी आर एफ की टीम को बुलाया गया है।

———————

सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आज प्रदेश के कई जिलों में रन फार यूनिटी का आयोजन किया गया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। शाहजहांपुर में भी यूनिटी मार्च निकाला गया। बुलंदशहर और कानपुर देहात में एकता यात्रा निकाली गई। मेरठ में रन फॉर यूनिटी को भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राज्यसभा

सांसद डॉक्टर लक्ष्मीकांत वाजपेई ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर श्री वाजपेई ने कहा कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती और वंदे मातरम के निर्माण का 150वां वर्ष दोनों राष्ट्रवाद के प्रतीक हैं। बाइट.....

*150वीं जयंती सरदार पटेल की 150वां वर्ष वंदे मातरम के निर्माण का दोनों राष्ट्रवाद के प्रतीक इसलिए सरदार पटेल जी की जयंती को मना रहे हैं हम।*

——————————

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कल सुबह 9 बजकर 15 मिनट पर सामयिक चर्चा में विशेष कार्यक्रम का प्रसारण होगा, जिसे आप 100.7 एफ.एफ. रेनबो पर सुन सकते हैं।

——————————

वाराणसी में अग्निवीर सेना भर्ती रैली के तहत आज देवरिया और गाज़ीपुर जिलों के अभ्यर्थियों की भर्ती प्रक्रिया सम्पन्न हुई। आज कुल 1 हजार 233 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिनमें देवरिया के 430 और गाज़ीपुर के 803 अभ्यर्थी शामिल थे। निर्धारित दौड़ पूरी करने के बाद 651 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया। इसी क्रम में कल गाज़ीपुर जिल की जखनियां, सैदपुर और मोहम्मदाबाद तहसीलों के कुल 1260 अभ्यर्थियों की भर्ती प्रक्रिया आयोजित की जाएगी।

——————————

**राजधानी लखनऊ में 61 वर्षों के बाद भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की डायमंड जुबली 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी का आयोजन 23 से 29 नवंबर तक रक्षा एक्सपो ग्राउंड में होने जा रहा है। इस आयोजन में देश भर से लगभग 30 हजार स्काउट–गाइड, यूनिट लीडर्स और 1 हजार 500 विदेशी प्रतिभागियों समेत कुल 33 हजार से अधिक लोगों के भाग लेने की संभावना है। आयोजन को लेकर तैयारियों को अंतिम रुप दिया जा रहा है। पेश है एक रिपोर्ट.....**

*19वीं राष्ट्रीय जंबूरी लघु भारत का दर्शन कराएगी। विभिन्न राज्यों की परंपराओं और कलाओं का यह अद्वितीय संगम राष्ट्रीय एकता की भावना को सशक्त करेगा। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में, पड़ोसी देशों जैसे नेपाल, श्रीलंका, भूटान, अफगानिस्तान समेत एशिया–पैसिफिक क्षेत्र के 10 देशों के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। टेंट सिटी में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा एक अस्थाई तारामंडल का निर्माण किया जा रहा है, निर्बाध संचार कनेक्टिविटी के लिए, दूर संचार मंत्रालय एक समर्पित टावर और उपकरण लगाने जा रहा है, इस बड़े अंतर्राष्ट्रीय आयोजन को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की तैयारियां भी अंतिम चरण में हैं। डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में 100 बेड का एक अस्थायी अस्पताल तैयार किया गया है, जिसमें 50 बेड पुरुषों और 50 बेड महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगे। समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

———————————

इटावा में विश्व मोर दिवस के मौके पर वन्य जीव विशेषज्ञ डॉ राजीव चौहान ने बताया कि जिले के गांव–गांव में सक्रिय पर्यावरण मित्रों के माध्यम से राष्ट्रीय पक्षी मोर का संरक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन प्रयासों से मोर के शिकार में कमी आई है। बाइट.....

*2009 में जब सर्वे किया गया था, उस समय इनकी संख्या हजारों में थी और आज भी इनकी स्थिति वही बनी हुई है। हाल ही में अभी कोई सर्वे इसका नहीं हुआ है लेकिन पॉपुलेशन यहां अच्छी पाई जाती है। कुछ घटनाएं इनको मारने की बीच में देखी गई थी लेकिन नियंत्रण पर लिया गया तो इस समय इनकी संख्या काफी अच्छी ठीक–ठाक दिख रही है।*

(समाप्त)